THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF DEFENCE PRODUCTION AND SUPPLIES IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI) : (a) 19.

(b) and (c) Yes, Sir.

(d) Does not arise in view of reply (b) and (c), above.

दिल्ली नगर निगम द्वारा दवाओं की खरीद में घोटाला

3126. श्री शरद यादव : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 19 दिसम्बर, 1988 के "दैनिक वीर अर्जन" में "दिल्ली नगर निगम द्वारा दवाओं की खरीद में लाखों का घोटाला" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें कहा गया है कि दिल्ली नगर निगम द्वारा दवाओं की खरीद में लाखों रुपये का घोटाला किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ?

वस्त्र मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) दिल्ली नगर निगम द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार दवाओं की खरीद एक प्राधिकृत खरीद प्रक्रिया के अनुसार की गई है ।

प्रत्येक परिवार में एक व्यक्ति को रोजगार दिया जाना

3127. श्री शरद यादव : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार प्रत्येक परिवार में एक व्यक्ति को रोजगार देने का विचार रखती है;

(ख) इस प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है और यह प्रस्ताव किस चरण में है ?

योजना मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री (श्री माधवसिंह सोलंकी) : (क) से (ग) वर्ष 1989–90 के दौरान 120 चुनिंदा जिलों में जहां अत्यधिक बेरोजगारी है और पिछड़े हुए हैं, उनमें जवाहरलाल नेहरू रोजगार योजना नामक एक नवीन गहन ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है। इस नए कार्यक्रम से गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हरेक परिवार के कम से कम एक सदस्य को रोजगार अवसर प्राप्त होने की आशा है। इस स्कीम के लिए यह राशि एन.आर.ई.पी. और आर.एल.ई.जी.पी. के अन्तर्गत जिसे कि 1–4–1989 से मिला दिया गया है, जिले के लिए उपलब्ध प्रावधान के अतिरिक्त होगी। रोजगार अवसरों में बढ़ोत्तरी करने के लिए और उत्पादक परिसंपत्तियां सृजित करने के लिए ये राशियां शामिल की जाएंगी और स्थानीय रूप से लाभदायक स्कीमें आरम्भ की जाएंगी ।